# डीएम ने छात्राओं के साथ बैठकर किया भोजन और जांची गुणवत्ता

## सर्वोदय विद्यालय का किया निरीक्षण, छात्राओं से व्यवस्थाओं का लिया फीड बैक

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने सीडीओ अन्ना सुदन के साथ सोमवार को विकास खण्ड बनीकोडर के सनौली स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (आवासीय) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया, जहां छात्राओं ने मंत्रोच्चार के साथ भोजन प्रारंभ किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, मात्रा और पोषण स्तर के संबंध में छात्राओं से फीडबैक लिया और संबंधित को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, लक्ष्य निर्धारित करने और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।



छात्राओं के साथ बैठकर भोजन करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने छात्राओं की पढ़ाई, रहन-सहन, उपलब्ध सुविधाओं एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही प्रधानाचार्य से शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे नवाचार, डिजिटल शिक्षा के उपयोग और छात्राओं के समग्र विकास की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीएम ने छात्रावास का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल, विद्युत एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि छात्राओं को आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद उन्होंने विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन ट्रांजिट हॉस्टल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर एसडीएम राम सनेही घाट, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विद्यालय प्रधानाचार्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम ने गेहूं क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम ने मण्डी सफदरगंज परिसर में स्थापित विपणन शाखा और कृषि उत्पादन मण्डी समिति के गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि सभी उपकरण उपलब्ध हों। किसानों की तौल उसी दिन कराने, महिला/वृद्ध/विकलांग किसानों को प्राथमिकता देने और छोटे व मध्यम किसानों (उपज 60 क्विंटल या कम) को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# डीआरएम ने किया तीसरे रेलवे पुल का निरीक्षण



तीसरे रेलवे पुल का निरीक्षण करते डीआरएम व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू नदी पर निर्मित तीसरे रेलवे पुल का सोमवार को पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम गौरव अग्रवाल ने टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों का बारीकी से जायजा लिया।

डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अंतिम औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही एनओसी प्राप्त होगी, इस पुल पर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। चौका घाट पर बने इस तीसरे रेलवे पुल से क्षेत्र में रेल यात्रियों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम के सदस्य भी मौजूद रहे, जिन्होंने पुल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी डीआरएम को दी।

### टेट अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस 13 को



बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बाराबंकी के आह्वान पर अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के तत्वावधान में 13 अप्रैल को जनपद मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकालकर टेट अनिवार्यता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विरोध में आंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में फतेहपुर ब्लॉक में बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. राकेश सिंह ने की। बैठक में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आनंद वर्मा, अटेवा संयोजक राम मिलन वर्मा, टीचर्स सेल्फ केयर टीम के संयोजक संजय वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान दिनेश मौर्य, प्रवेश कुमार सिंह, प्रमेन्द्र वर्मा, विश्वजीत सिंह, जयकुमार, अरुण त्रिपाठी, शरद कुमार, स्वतंत्र सिंह, उमेश सिंह, राम सुचित, कुलदीप प्रजापति, मोहम्मद फैज, त्रिपुरारी शरण, मोहम्मद सुलेमान, राज किशोर वर्मा, अनिल कुमार, समर फातिमा, शम्मो फातिमा, किरन रावत, कुमकुम वर्मा, शालिनी यादव, शेफाली सिंह, कुसुम सिंह, रीमा श्रीवास्तव, रीना सिंह, प्रीति सिंह सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता शुरू




प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में सोमवार से तीन दिवसीय तृतीय ट्रायल एडवोकेसी प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ हुआ, जो 8 अप्रैल तक चलेगी। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के चांसलर इंजी. पंकज अग्रवाल, प्रो-चांसलर इंजी. पूजा अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी एवं कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत मूट कोर्ट समिति के छात्रों के अलंकरण समारोह से हुई, जिसमें कुलसचिव प्रो. (डॉ.) हेमेंद्र शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैज पहनाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज के निदेशक डॉ. नरेंद्र बहादुर सिंह ने की। संचालन मूट कोर्ट समिति संयोजक डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज व सह-संयोजक दीपेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान समिति सदस्य अनन्या सिंह ठाकुर, आनंद कुमार, शशि शुक्ला, चारु वर्मा सहित डॉ. प्रकाश चंद्र मिश्रा, डॉ. शशांक शेखर, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, आस्था मिश्रा व अन्य फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

# फांसी लगाकर युवक ने दी जान देने की कोशिश, रेफर

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** बरांवा गांव में सोमवार को एक युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। समय रहते परिजनों और मजदूरों की सतर्कता से उसकी जान बच गई पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव निवासी कल्लू रावत के घर की दूसरी मंजिल पर दोपहर में छत की स्लैब डाली जानी थी, जिसके लिए मजदूर मौजूद थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कल्लू की अपने 23 वर्षीय बेटे अर्जुन से कहासुनी हो गई। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर अर्जुन नीचे कमरे में चला गया और छत के कुंडे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जरूरत पड़ने पर पिता ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर कमरे का दरवाजा खोला तो अर्जुन को लटका देख उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर आसपास मौजूद मजदूर मौके पर पहुंचे और युवक को तुरंत नीचे उतारकर गले से फंदा हटाया। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### किशोरी ने दी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद के फैजुल्लागंज में रविवार रात एक किशोरी ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फैजुल्लागंज निवासी अंजली (15) पुत्री स्व. अनिल कुमार अपनी मां और बहन के साथ रहती थी। रविवार रात करीब आठ बजे उसने कमरे के अंदर छत में लगे हुक से दुपट्टे के सहारे फंदा लगा लिया। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजन अंदर पहुंचे, जहां उसका शव लटकता देख वे चीख पड़े। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में सीतापुर के युवक की मौत

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में रविवार रात नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में सीतापुर निवासी एक युवक की मौत हो गयी।

लवकुश गुप्ता निवासी ग्राम ऐलिया, थाना इमलिहा, सीतापुर किसी कारणवश पैदल जा रहे थे। जैसे ही वह दिलोंना कट के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में लवकुश की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक की जेब से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान हो सकी। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। पुलिस अब अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जांच कर रही है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# अराजक तत्वों ने तोड़ी आंबेडकर प्रतिमा

● तनाव को देखते हुए प्रशासन ने स्थापित नयी करायी प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के अन्नीपुर मजरे खरिहानी गांव स्थित बौद्ध मंदिर परिसर में अराजक तत्वों द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने से क्षेत्र में तनाव फैल गया।

सोमवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई, मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई और लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। स्थिति को संवेदनशील देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी जगत राम कनौजिया भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को नई प्रतिमा जल्द स्थापित कराने का आश्वासन देकर स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए लखनऊ से डॉ. आंबेडकर की नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापित कराई, जिसके बाद माहौल सामान्य हुआ। एहतियात के तौर पर घुंघटेर, बड्डूपुर और कुर्सी कोतवाली समेत कई थानों की पुलिस दिनभर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में तैनात रही। प्रतिमा तोड़े जाने की घटना से नाराज ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने पर भड़के पूर्व सांसद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** निन्दूरा ब्लॉक के खरिहानी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद डॉ. पी.एल. पुनिया सोमवार को मौके पर पहुंचे और नाराजगी व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी निंदा की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान निन्दूरा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद आमिर अय्यूब किदवई, मोहम्मद शरीफ, राजेश वर्मा, कन्धई, राजेन्द्र गौतम, शंकर लाल गौतम, बब्लू गौतम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



नई प्रतिमा के साथ पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया।

### उपज का आकलन करने के लिए क्रॉप कटिंग



क्रॉप कटिंग के दौरान मौजूद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम गनेशपुर में सोमवार को गेहूं की फसल की उपज का आकलन करने के लिए क्रॉप कटिंग कराई गई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी ने स्वयं खेत में पहुंचकर फसल काटी और पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने राजस्व एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और भारत सरकार द्वारा विकसित सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से पूरे क्रॉप कटिंग प्रक्रिया को डिजिटल रूप से दर्ज किया गया। इस ऐप की मदद से फसल कटाई से लेकर उत्पादन के आंकड़े ऑनलाइन अपलोड किए गए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग प्रयोग किसानों के हित में बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रॉप कटिंग प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुसार और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाएं। इस अवसर पर तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, दीपू अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय किसान भी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर लाठी डंडों से किया हमला

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थाना क्षेत्र में पुरानी कहासुनी को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

ग्राम बिंसई, पोस्ट टिकैतगंज निवासी रामजी ने थाना कुर्सी में दी तहरीर में बताया कि 4 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे वह अपने चाचा शिवदत्त के साथ सरकारी शौचालय देखने गए थे। वहां मौजूद गांव के अधीन, राजेंद्र, शैलेन्द्र उर्फ पाल और विनय ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर मामला वहीं शांत हो गया, लेकिन आरोप है कि इसके बाद सभी आरोपी पीड़ित के घर पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि घर पहुंचकर आरोपियों ने लाठी-डंडा और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें चाचा शिवदत्त के सिर पर गंभीर चोट आई।




नगर पंचायत रामसनेहीघाट में नामित सभासद को सम्मानित करते राज्यमंत्री।

### नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

**रामसनेहीघाट, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत रामसनेहीघाट, दरियाबाद और टिकैतनगर में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में सदस्यों विवेक तिवारी, रितेश शंकर गुप्ता, दीपक वर्मा, अनुज शुक्ला छोटा योगी, सुरेश लोधी, युगुल किशोर शुक्ला, ब्रजेश रावत, संत कुमार वर्मा एवं उपचुनाव में निर्वाचित सभासद सीता देवी को शपथ दिलाई गई। एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह और एसडीएम सिरौली गौसपुर अनिल कुमार सरोज ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा, चेयरमैन जगदीश गुप्ता, ज्ञान प्रकाश यादव, अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी, शीलू अवस्थी, पवन सिंह रिंकू, नीरज सिंह, वीरेन्द्र पाण्डेय, चेयरमैन गन्ना यूनियन कमलाकांत द्विवेदी, हरीश द्विवेदी, प्रदीप सिंह मुन्नू, आशीष मिश्रा, मधुकर तिवारी सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सभासद उपस्थित रहे। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर कार्यरत है और योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को दिया जा रहा है।

## हनुमंत जन्मोत्सव पर निकाली कलश यात्रा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** हनुमंत जन्मोत्सव पर सोमवार को सप्त दिवसीय श्री महालक्ष्मी महायज्ञ एवं संगीतमयी श्री राम कथा के तहत कलश यात्रा निकाली गई।

यात्रा बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर छंगेपुर, बभनावां होते हुए सुमली नदी तक पहुँची। महिलाओं ने कलश में जल भरकर हनुमान मंदिर पर यज्ञ मंडप तक यात्रा पूरी की। महंत लवकुश मिश्रा की उपस्थिति में यात्रा का संचालन हुआ। यज्ञाचार्य धन्नजय कृष्ण शास्त्री और गोविंद शुक्ल शास्त्री ने पूजन-अर्चन किया। रामनरेश मिश्र शास्त्री के मार्गदर्शन में ब्राह्मणों ने पंचांग पूजन, गणेश पूजन और महालक्ष्मी स्तुति के साथ यज्ञ की शुरुआत की। इस अवसर पर गौरीकांत दीक्षित, शेखर हयारण, लक्ष्मी पोरवाल, महेश मिश्रा और विद्याकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती की मौत, हंगामा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। मुरारपुर मजरे गोकुला गांव में किराए के मकान में रह रही काजल (30) का शव कमरे के अंदर मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार, काजल मूल रूप से रजई का पुरवा की रहने वाली थी। कुछ समय पहले वह गांव के ही हेमचंद यादव के साथ घर से चली गई थी। इस मामले में पहले मुकदमा भी दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में काजल के अपने फैसले पर कायम रहने के चलते मामला शांत हो गया था।

इसके बाद दोनों गोकुला गांव में दरियाबाद रोड स्थित एक मकान में किराए पर रह रहे थे। सोमवार सुबह कमरे के भीतर काजल का शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। परिजनों ने हेमचंद यादव और उसकी मां पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति हेमचंद यादव और उसकी मां के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उर्वरक वितरण में नियमों का सख्ती से हो पालन



बैठक करते जिला कृषि अधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने सोमवार को सभी थोक उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर खरीफ के लिए उर्वरकों की सुगम आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुदानित उर्वरक के साथ किसी भी गैर-अनुदानित उत्पाद की बिक्री नहीं होगी और विक्रेता निर्धारित दर के भीतर ही आपूर्ति करें। जिले में अधिक यूरिया बिक्री करने वाले विक्रेताओं की जांच की जा रही है। मौर्या खाद भण्डार (सरायबरई), जैद खाद भण्डार (हैदरगंज), श्याम ट्रेडिंग कम्पनी (अजगना), भूरे खाद भण्डार (हिम्मतपुर) के रजिस्टर पूर्ण न पाए जाने पर उनके विक्रय प्राधिकार-पत्र निलंबित किए जा रहे हैं। किसी भी अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई होगी। फुटकर विक्रेताओं को भी रेट व स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित करने और रोजाना बिक्री रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए। 268 विक्रेताओं से उनके लाइसेंस तुरंत अपडेट कराने को कहा गया, अन्यथा निलंबन और निरस्ती की कार्रवाई होगी।

**आयोजन** | धूमधाम से मनाया गया पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस, सभी बूथों पर आयोजित किये गये विभिन्न कार्यक्रम

# भाजपा की स्थापना राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प : शर्मा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भाजपा का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ पर भाजपा ध्वज फहराकर ' राष्ट्र प्रथम ' का संकल्प लिया। भाजपा जिला कार्यालय को भव्यता के साथ सजाया गया।

जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए कहा कि उनकी राष्ट्रवादी चिंतन और वैचारिक प्रेरणा से बनी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों और आकांक्षाओं की प्रतिनिधि बन चुकी है। उन्होंने सीएम योगी के नेतृत्व में हुए प्रदेश के चहुंमुखी विकास और 'विकसित यूपी' से 'विकसित भारत' के संकल्प को दोहराया। प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को प्रगति और आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है। जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताया। पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, एससी-एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत ने भी संबोधित किया। जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को भाजपा ध्वज एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजीत प्रताप सिंह, हरगोविंद सिंह, अरविंद मौर्य, अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, सरोज रावत, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, पवन सिंह रिंकू, ब्रजेश रावत, मुलायम सिंह यादव, मनीष परिहार, पंकज गुप्ता, इक्ष्वाकु मौर्य, रचना श्रीवास्तव, सुशील जायसवाल, पवनेंद्र सिंह, अंशु वर्मा, कृष्ण कुमार सिंह, जंग बहादुर पटेल, सतीश विश्वकर्मा, ऋषभ चतुर्वेदी, मनोज वर्मा, मुकेश त्रिवेदी, राम नाथ वर्मा, बाल गोविंद गुप्ता, सुशील चंद्र जैन, रामेश्वरी त्रिवेदी आदि थे।




राज्यमंत्री को भाजपा का ध्वज देते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। हैदरगढ़ मंडल में मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी डाक बंगले पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा नेता पंकज दीक्षित, एच के शुक्ला, शेखर मिश्र, दर्शन रावत, दुर्गा सिंह, राजू भैया, योगेश द्विवेदी, राजकुमार सोनी, गजेंद्र तिवारी, चांदनी रावत, गंगा राठौर, बाबू तिवारी आदि थे।

### विचारों के आधार पर काम करती है भाजपा : साकेन्द्र

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** भाजपा के जनसहयोग केंद्र पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। विधायक साकेन्द्र वर्मा ने भाजपा का ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा विचारों के आधार पर काम करती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ बार उपाध्यक्ष राजीव नयन तिवारी, अंशुमान मिश्र, प्रिंसिपल सरस्वती कालेज वीरेंद्र वर्मा ने अटल जी की कविताएं प्रस्तुत की। संचालन जिला उपाध्यक्ष शीलरत्न मिहिर ने किया।

## युवती को ब्लैकमेल कर शादी का दबाव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपी युवक उससे शादी करने का दबाव बना रहा है और मना करने पर उसे लगातार परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार, दोनों के बीच पहले प्रेम संबंध थे और परिवार भी शादी के लिए तैयार था, लेकिन युवक की कुछ हरकतों के चलते युवती ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने युवती को धमकाना शुरू कर दिया। युवती का आरोप है कि आरोपी उसके साथ की फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। साथ ही वह जहां-जहां युवती काम करने जाती है, वहां पहुंचकर अभद्र व्यवहार करता है और नौकरी से निकलवाने की कोशिश करता है। आरोपी ने जान से मारने और खुदकुशी कर युवती को फंसाने की धमकी भी दी है।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं का सम्मान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बहादुरी का परिचय देने वाली महिलाओं, बालिकाओं, बच्चों तथा पुलिस कार्य में सहयोग करने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। एडीएम निरंकार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी ने प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, महिला थाना प्रभारी रत्ना कुमारी, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन प्रभारी मुन्नी देवी सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिये गांव-गांव लग रहे कैम्प

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोमवार से जनपद में राजस्व ग्रामवार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इन कैम्पों में कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी, पंचायत सहायक और ग्राम रोजगार सेवक मिलकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बना रहे हैं। सोमवार को 89 राजस्व ग्रामों में कैम्प आयोजित किए गए, जिनका जिला कृषि अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया। वहीं मंगलवार को भी 89 ग्रामों में ऐसे कैम्प लगाए जा रहे हैं।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

### गांव जाने के लिए निकला व्यक्ति लापता, रिपोर्ट दर्ज

**सीतापुर।** खैराबाद इलाके का भवानीपुर निवासी एक 50 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, विनोद कुमार दोपहर में अपने पैतृक गांव मकसूदपुर फतेपुर थाना हरगांव जाने के लिए निकले थे, लेकिन वह न तो गांव पहुंचे और न ही घर लौटे। पुत्र देवेंद्र ने बताया कि वह मानसिक रूप से थोड़े कमजोर हैं। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### पासी समाज की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**सीतापुर।** पासी समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में समाज को एकजुट करने और राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ किशोर ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और एकता अनिवार्य है। प्रदेश सचिव इमरान खान और मंडल प्रभारी श्रीकृष्ण जाटव व डॉ. संतोष सिंह ने संगठन की भावी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष विश्वदीप चौधरी ने कहा कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में पासी समाज को सक्रिय किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भजन लाल एडवोकेट और मिश्रिख विधानसभा अध्यक्ष श्याम लाल भारती ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में राधेश्याम भार्गव, अरुण बॉस, कपिल वर्मा पासी, अनवर, आजम शाह, सुमन, हरद्वारी, सियाराम और सुरेश नेता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान में सकरन पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर को अवैध असलहे के साथ दबोचा है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के मुताबिक, सकरन पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान जालिमपुर निवासी रमाकान्त पुत्र मनोहर लोनिया को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, रमाकान्त थाने का चिन्हित हिस्ट्रीशीटर है।

### खंगाले गए बैंकों के सीसीटीवी फुटेज

**हरगांव।** कोतवाली देहात क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। बड़ागांव चौकी प्रभारी रामचंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आईडीबीआई बैंक, अर्रो खेमाजितपुर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। अभियान के दौरान पुलिस ने बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों, सायरन और अलार्म सिस्टम की बारीकी से जांच की।

# आंधी-बारिश से गिरीं फसलें, सकते में किसान

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खैराबाद, रामपुर मथुरा, मछरेहटा सहित अन्य स्थानों पर कटी रखी गेहूं की फसल पानी में डूब गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है।

किसान शिवकुमार, शिवा, लक्ष्मण प्रसाद, रामचन्द्र, देवकीनंदन, अंकित गुप्ता ने बताया कि खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीगने से अब उसमें अंकुरण जमने का खतरा पैदा हो गया है। इससे गेहूं की गुणवत्ता खराब हो जाएगी और बाजार में उचित दाम मिलना मुश्किल होगा। किसानों के अनुसार, जिन खेतों में दो-तीन दिन पहले गन्ने की बुवाई की गई थी, वहां बारिश के बाद मिट्टी में पपड़ी जमने की समस्या पैदा हो गई है। मिट्टी कड़ी होने के कारण गन्ने का जमाव ठीक से नहीं हो पाएगा, जिससे पैदावार प्रभावित होना तय है।

**भाव गिरने के संकट से अन्नदाता परेशान :** मछरेहटा इलाके के सकरारा गांव वासी किसान रामचन्दर और रोहित सहित कई अन्य खासे परेशान है। इनका कहना है कि आंधी-पानी ने गेहूं और कटी हुई सरसों को प्रभावित किया है। बड़ी संख्या में गल्ला नम हो गया है, अगर सही समय तक नहीं सूखा, तो भाव गिर सकता है।

- कटी फसल में अंकुरण का खतरा गन्ने की बुवाई भी हुई प्रभावित


खेत में कटी पड़ी फसल।

### गल्ला मंडी में सरसों सुखाते नजर आए श्रमिक

नगर स्थित गल्ला मण्डी में मौसम का असर देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रमिकों के साथ गल्ला व्यापारी सरसों आदि को सुखाते नजर आए, पूछने पर श्रमिक राजू, पप्पू, लोटन आदि ने बताया कि टीन शेड के नीचे भी आंधी और बारिश का कहर बरपा है, तेज हवाओं के कारण गल्ला हल्का नम हो गया है।

### गल्ला मंडी में गल्ले का रेट

गेहूं 2270 से 2300 रुपये कुण्टल बिक रहा है। जबकि काली सरसों का रेट 5800 रूपये प्रति कुण्टल और पीली सरसों 6800 रूपये है।

# बिसवां में पथ संचलन, गूंजे राष्ट्रभक्ति के स्वर

संवाददाता, बिसवां।

**अमृत विचार :** नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस द्वारा नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। रामलीला मैदान से शुरू हुए संचलन में बिसवां नगर समेत तंबौर, रेउसा, महमूदाबाद और सिधौली जैसे विभिन्न क्षेत्रों के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया।

वरिष्ठ प्रचारक अभय ने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस वर्ष संघ 'पंच परिवर्तन' के अंतर्गत पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और स्वदेशी आचरण पर विशेष कार्य कर रहा है। पथ संचलन रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर लहरपुर रोड, जोशी टोला, कटरा, मंगरहिया बाजार, हजीरा और बड़ा चौराहा होते हुए पुनः वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचारक सुरेंद्र, जिला संघचालक राजाराम, जिला कार्यवाह देवेंद्र, मुख्य शिक्षक आशीष व नगर संघचालक राजेश सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


पथ संचलन के दौरान उपस्थित संघ के सदस्य। अमृत विचार

- 'पंच परिवर्तन' के संकल्प के साथ मनाया शताब्दी वर्ष

# लाइन मरम्मत में धू-धूं कर जला विद्युतकर्मी, मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** विद्युत लाइन की मरम्मत करते समय संविदाकर्मी लापरवाही का शिकार हो गया। सिधौली इलाके में खंभे पर धूं-धूंकर जलकर उसकी मौत हो गई। हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आकर हुई मौत को लेकर परिवार के लोगों ने विद्युत विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

सिधौली तहसील क्षेत्र के संतनगर पुलिस चौकी आंधी-बारिश के कारण विद्युत लाइन में बाधा आ गई थी। इसे दुरुस्त करने के लिए खंभे पर सतनपुर निवासी विद्युत कर्मी वीरू (25) खंभे पर चढ़ा था। बताते हैं कि जैसे ही वह ऊपर पहुंचा, हाईवोल्टेज लाइन के तारों में करंट दौड़ गया। पल भर में वो आग की लपटों में घिर गया। संविदा कर्मी को धूं-धूंकर जलता देख चीख पुकार मच गई। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और तत्काल सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। फिर विद्युत प्रवाह को रोका गया, भारी मशक्कत के बाद झुलसे हुए कर्मी को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच शुरू कर दी है।

- 11 हजार वोल्ट लाइन पर काम करते समय हादसा, परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया

### मुआवजे के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ

**सीतापुर।** सिधौली क्षेत्र में लाइनमैन की मौत के मामले में सायं पूर्व तूल पकड़ा। पीड़ित पक्ष ने इलाके के लोगों के साथ मिलकर शव रखकर प्रदर्शन किया। खासे बवाल के बीच नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीओ आशुतोष गुप्ता की उपस्थिति में 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। विभाग की ओर से 5 लाख रुपये और प्रशासन की ओर से आपदा कोष से 5 लाख रुपये दिलाने का भरोसा मिलने के बाद ही पीड़ित पक्ष शांत हो सका। अंतिम संस्कार के लिए विभाग ने तत्काल 50 हजार रुपये नकद मदद दी।


कार हटवाकर बिजली के तार और खंभे की मरम्मत करते विद्युतकर्मी।



दुकानों के बाहर झूलते बिजली के तार।

## कार पर पेड़ गिरा, बची युवक की जान

**सीतापुर कार्यालय, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज दूसरे दिन भी देर शाम तेजी से बदला, आंधी के बीच बारिश हुई। ऐसे में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल गिर गए। कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात व्यवस्था देर तक प्रभावित रही। रामकोट थानाक्षेत्र के रामनगर खटकारी निवासी मन्नू सिंह जरूरी काम से शहर आए थे। कार सवार स्टेट बैंक के एटीएम पहुंचे। बताते हैं कि इसी दौरान आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। ऐसे में पीपल का पेड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर बिजली के खंभे समेत कार पर जा गिरा। कार सवार ने कूदकर अपनी जान बचाई, सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने पेड़ और खंभा हटवाकर रास्ता साफ कराया। इसी कड़ी में शहर के कई स्थानों पर होडिंग और खंभे गिरे, जिन्हे दोपहर बाद तक दुरुस्त कराने का कार्य जारी रहा। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिली।

## सपा कार्यालय पर पीडीए की बैठक, चुनाव पर चर्चा

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** तहसील मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर 'पीडीए' समाज की बैठक आयोजित की गई। विधायक अनिल वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। सपा नेता अतुल वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में किसान और मजदूर सबसे अधिक परेशान हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को उजागर करें और सपा की नीतियों से जनता को अवगत कराएं। विधायक अनिल वर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक समाज की एकता ही प्रदेश में आने वाले बदलाव की नींव बनेगी। इस अवसर पर यशपाल भार्गव, रिंकू वर्मा, रामचंद्र मौर्य, सुशील मौर्य, संतोष वर्मा प्रधान, विश्राम लाल गौतम और हिमांशु वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल।

### पुलिस लाइंस में महिला रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइंस में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही रिक्रूट महिला आरक्षियों के लिए साक्षात्कार परीक्षा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्वयं महिला आरक्षियों से संवाद कर उनके प्रशिक्षण और कार्यकुशलता की समीक्षा की। एसपी ने रिक्रूट्स से उनके प्रशिक्षण के अनुभवों, विधिक धाराओं के ज्ञान और विषम परिस्थितियों में व्यवहारिक कुशलता के संबंध में सवाल पूछे। उन्होंने भविष्य की चुनौतियों के लिए महिला आरक्षियों का मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोंसले सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुंज इलेवन-मौजी इलेवन ने जीते मुकाबले

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर चल रहे 'प्रीमियर लीग सीजन-2' क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो रोमांचक मैच खेले गए। पहले मुकाबले में मौजी इलेवन और दूसरे में कुंज इलेवन ने शानदार जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट का पहला मैच पैंथर क्लब और मौजी इलेवन के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर क्लब ने 10 ओवर में 5 विकेट पर 109 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मौजी इलेवन की ओर से फैज और लल्ला ने आतिशी बल्लेबाजी की और मात्र 8 ओवर में टीम को जीत दिला दी। फैज को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस दौरान मैदान पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

**फहीम बने मैन आफ दि मैच :** मलिक गारमेंट्स और कुंज इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मलिक गारमेंट्स की टीम 10 ओवर में केवल 84 रन ही बना सकी। जवाब में कुंज इलेवन ने महज 8 ओवर में 85 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। फहीम को उनके बेहतरीन खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।


मैच जीतने के बाद मौजूद विजेता टीम। अमृत विचार

क्रिकेट प्रतियोगिता

### पर्यावरण संरक्षण के लिए इनर व्हील क्लब ने किया पौधरोपण

**बिसवां।** सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय संस्था इनर व्हील क्लब बिसवां द्वारा ग्राम खंभा पुरवा में पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की सदस्यों ने गांव में पौधरोपण करने के साथ ही गौ-माता की सेवा कर समाज को जीव-दया का संदेश दिया। अध्यक्ष गुरमीत कौर ने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना करना असंभव है। कार्यक्रम में संस्था की कोऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, रितु सिंह, अंजलि राजवंशी, मीरा सिंघल, सुनीता अग्रवाल और शिवानी अग्रवाल सहित क्लब की कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहीं।


पौधरोपण करतीं इनर व्हील क्लब की सदस्य।

### बीआरसी खैराबाद में संकुल शिक्षकों की बैठक में 'स्कूल चलो अभियान' पर जोर


शिक्षकों के साथ बैठक करते बीईओ। अमृत विचार

**सीतापुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र खैराबाद पर खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ संतोष कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संकुल शिक्षकों एवं एआरपी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में सत्र 2026 के लिए नव-चयनित संकुल शिक्षकों का परिचय कराने के साथ ही विभागीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बीईओ संतोष कुमार मिश्र ने स्पष्ट किया कि 'स्कूल चलो अभियान' के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। बीईओ ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो रैली का शुभारंभ 9 अप्रैल को कंपोजिट विद्यालय मुलायमपुर से होगा। एआरपी संजीव पटेरिया व आशुतोष कुमार ने शिक्षकों को निपुण आंकलन और कक्षा आवंटन के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर एआरपी वीरेंद्र सिंह, शिवेंद्र प्रताप, पूनम बाजपेई, शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन सहित सभी संकुल शिक्षक मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण की तस्वीर देतीं पीसीएस अधिकारी बनीं पूर्णिमा यादव।

### डरी हुई भाजपा कांग्रेस को क्या डराएगी: सांसद

**संवाददाता, महमूदाबाद। अमृत विचार :** सांसद राकेश राठौर ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा ग्राम स्वराज के सपने का कत्ल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गांव की सरकारों को लूट का अड्डा बनाने पर आमादा है। पहला ब्लॉक के पहाड़ापुर गांव में एक रोजगार मेला का उद्घाटन करने पहुंचे सांसद ने कहा कि भाजपा के पुरखे अंग्रेजों के मुखबिर थे, वे कांग्रेस के सिपाहियों को क्या डराएंगे। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी। कहा कि साढ़े तीन साल तक पहला ब्लॉक में काम नहीं होने दिया गया, जिसे धरने के माध्यम से बहाल कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बेरोजगारों के पलायन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पैंतेपुर नगर पंचायत का निरीक्षण किया

संवाददाता, महमूदाबाद।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय, कान्हा गौशाला और वंदन योजना स्थल का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण, दाखिल-खारिज रजिस्टर और जनसुनवाई पटल के अभिलेखों की जांच की। उन्होंने कर्मचारियों को फाइलों के सुव्यवस्थित रखरखाव और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और एमआरएफ सेंटर पर कूड़ा निस्तारण की स्थिति देखी। जिलाधिकारी ने स्वयं फोन के माध्यम से कुछ नागरिकों से संपर्क कर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र व अन्य सेवाओं का फीडबैक लिया।


नालियों की सफाई का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

### चोरी की योजना बनाते तीन शातिर दबोचे

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** थाना रेउसा पुलिस ने गोवरहिया नाला के पास से चोरी की योजना बना रहे तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में पवन लोनिया निवासी मधवापुर और बुढ़ऊ उर्फ इसरार निवासी चैनी थाने के मजारिया हिस्ट्रीशीटर हैं।

इनके साथ तालिब निवासी जटपुरवा को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, कारतूस और चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जैसे प्लास, पेचकस, आरी ब्लेड व सरिया बरामद किए हैं। पवन पर 20 और इसरार पर 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### बैडमिंटन: सुगंधी और शगुन का केंद्रीय शिविर में चयन

**सीतापुर।** श्री रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सुगंधी और शगुन ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया है। प्रयागराज के अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित अंडर-15 प्रतियोगिता में सुगंधी ने एकल वर्ग में गोरखपुर की आरोही सिंह को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, युगल वर्ग में सुगंधी और शगुन की जोड़ी ने कानपुर मंडल को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन खेल निदेशालय द्वारा आयोजित 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। सफलता पर डीआईओएस राजेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्रा और क्रीड़ा अधिकारी संजीव सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।


बैडमिंटन प्रतियोगिता में चुनी गई मेधावी सुगंधी और शगुन।

### बिसवां बार चुनाव: सात पदों पर निर्विरोध निर्वाचन

**बिसवां।** बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव में सात पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए हैं। चुनाव अधिकारी बृजेश नारायण गुप्ता द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आम सहमति के आधार पर कई महत्वपूर्ण पदों पर प्रत्याशियों का चयन निर्विरोध संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर राजकिशोर यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संतोष कठेरिया, उपाध्यक्ष पद पर इंतखाब आलम सिद्दीकी, एक अन्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शिवसागर, संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर विपिन कुमार यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन के लिए प्रशांत सिंह और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुंजन कौशल निर्विरोध चुने गए हैं। कार्यकारिणी के सचिव पद के लिए सहमति नहीं बन सकी है, यहां अब मुकाबला सीधा है। सचिव पद के लिए इंद्रपाल वर्मा और नीरज कुमार श्रीवास्तव मैदान में हैं। इस पद के लिए आगामी 8 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा।

## चलाकापुर अग्निकांड: जली किताबों में भविष्य तलाश रहे मासूम

महमूदाबाद / बिसवां।

**अमृत विचार :** बिसवां तहसील क्षेत्र के चलाकापुर गांव में भीषण अग्निकांड के तीसरे दिन तस्वीरें राहत भरी रहीं। महमूदाबाद विधायक और सांसद प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद दी, गांव पहुंचकर दर्द भी साझा किया।

बता दें कि बिसवां तहसील क्षेत्र के चलाकापुर गांव में आई आपदा ने 18 परिवारों के आशियाने छीने, बल्कि मासूमों के सपनों पर भी प्रहार किया है। ऐसे में विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या ने राहत राशि वितरित की। उधर, सीतापुर सांसद प्रतिनिधि ने पीड़ितों को 11-11 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी दी। ग्रामीणों से संवाद भी किया। उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बच्चों की जलती किताबों के बीच पढ़ाई करती तस्वीर साझा की। साथ ही बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लेने के लिए भी कहा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप कुमार वर्मा का कहना है कि पीड़ित पक्षों के खातों में पैसा आ गया है। उन्हें सिलेण्डर, राशन आदि उपलब्ध कराया जा चुका है। तीसरे दिन भी खाना बनवाकर उपलब्ध कराया जा रहा है।

वहीं, गांव में बच्चे राख के ढेर से अपनी जली हुई किताबों के पन्ने बटोरते नजर आए। शिक्षा के प्रति जज्बा ऐसा कि कुछ बच्चे उन्हीं जले हुए कागजों के सहारे एक-दूसरे को पहाड़े सुनाकर हिम्मत जुटा रहे थे।


पीड़ित परिवार को चेक देतीं महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या।


ग्रामीणों से संवाद करते सांसद प्रतिनिधि अनुपम राठौर। अमृत विचार

### चार घंटे देरी से पहुंची दमकल गाड़ी

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप वर्मा ने दमकल विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि सूचना के चार घंटे बाद दमकल वाहन गांव पहुंचा। तब तक ग्रामीण निजी ट्यूबवेल, नल और कुओं के सहारे आग बुझाने का निष्फल प्रयास करते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मदद समय पर मिलती, तो नुकसान कम हो सकता था।

### नजदीक अस्पताल, फिर भी शिविर नदारद

हादसे के दूसरे दिन भी गांव में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया, जिससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है। गांव से मात्र 3 किमी की दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुरवल स्थित है, वहीं बिसवां और सरैय्या सीएचसी भी पास ही हैं। प्रशासन की इस उदासीनता को लेकर पीड़ितों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### मासूम को पीठ पर बांध पानी की टंकी पर चढ़ा शराबी

**संवाददाता सीतापुर। अमृत विचार :** शहर सीमा स्थित कांशीराम कॉलोनी में देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक अपने 6 वर्षीय बेटे को पीठ पर बांधकर पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ गया। देर तक चले हंगामे के बीच पुलिस ने किसी तरह स्थितियों को सामान्य कराया। पिसावां थानाक्षेत्र का गुरसंडा निवासी विपिन रामकोट स्थित कांशीराम कॉलोनी में ब्लॉक 45 में रहता है। बताते हैं कि देर शाम वो शराब पीकर घर पहुंचा। इसी दौरान उसका किसी बात को लेकर अपनी पत्नी लल्ली देवी से विवाद हो गया। बातचीत बढ़ने पर विपिन अपने पुत्र विराट को पीठ पर बांधकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। इसी के बाद कूदकर जान देने की बात कहने लगा। बढ़ते हंगामे के बीच पहले कांशीराम कॉलोनी फिर रामकोट पुलिस पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने किसी तरह स्थितियों को सामान्य कराया। इसी के बाद विपिन नीचे आया।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज उत्पीड़न के आरोपी ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज

**खीरों :** थाना क्षेत्र के कस्बा खीरों निवासी सायना पत्नी वसीम खान के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से उसके पति वसीम खान, ससुर नजीर खान और ननद गुड्डी आए दिन उससे पांच लाख रुपए नकद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते थे। मायके से दहेज लाकर न देने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शुक्रवार को उपरोक्त ससुरालीजनों पर लाठी डंडों और बेल्ट से पीटकर घायल करने व घर से भगाने का आरोप है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जनरेटर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जगतपुर :** जगतपुर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर स्थित जल निगम पंप हाउस से बीते वर्ष 40 केवीए जनरेटर चोरी होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी शिवा पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम नेवादा थाना ऊंचाहार को बिंदगंज पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब है कि इससे पूर्व इसी प्रकरण में दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया जनरेटर बरामद किया जा चुका है। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी से मामले का पूर्ण खुलासा हो गया है। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में दो आरोपियों को जनरेटर चोरी में जेल भेजा गया।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर 12 को

**सरेनी :** नीबी गांव के जूनियर हाईस्कूल परिसर में 12 अप्रैल को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुन्दर सिंह सिकरवार ने दी है। उन्होंने नेत्ररोगियों से आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड (यदि बना है) तो साथ में लाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह कैम्प लगभग 15 सालों से सूर्यबली सिंह द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

### चेस सिलेक्शन के लिए ट्रॉयल 12 को

**रायबरेली :** शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। डिस्ट्रिक्ट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, रायबरेली द्वारा यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में "रायबरेली डिस्ट्रिक्ट चेस सिलेक्शन ट्रायल 2026-27" का आयोजन किया जा रहा है। यह चयन प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2026 को राइजिंग चाइल्ड स्कूल में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगे चलकर यूपी स्टेट चेस चैंपियनशिप 2026-27 में रायबरेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अंडर-7, 9, 11, 13 एवं 17 (ओपन व गर्ल्स) वर्गों में टॉप 2 खिलाड़ी और अंडर-15 एवं 19 वर्गों में टॉप 4 खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे। सभी कैटेगरी में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस इवेंट का रजिस्ट्रेशन डिस्ट्रिक्ट चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव आदित्य कुमार द्विवेदी से संपर्क करके करा सकते हैं।

# आठ घंटे हुई बिजली कटौती से लोग बेहाल, पेयजल संकट बढ़ा


रामेन्द्र बहादुर।


सूर्यबली सिंह।


रामू सिंह।


पियारे साहू।

**सरेनी (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लगातार 8 घंटे बिजली कटौती से आम जनता की परेशानियों को बढ़ा दिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सुबह 9 बजे बिजली कट जाती है और शाम 5 बजे तक आपूर्ति होती है, लेकिन कभी-कभी बिजली सिर्फ एक घंटे के लिए आती है और फिर कट जाती है। इस वजह से घरों में बिजली उपकरण काम नहीं कर रहे हैं, गर्मी और पेयजल संकट बढ़ गया है।

समाजसेवी रामेन्द्र बहादुर सिंह, सूर्यबली सिंह, रामू सिंह, पियारे साहू, चन्द्रकान्त आदि का कहना है कि अंधाधुंध कटौती से उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पंखे, कूलर, पानी के पंप और अन्य उपकरण ठप हो गए हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। वहीं अवर अभियंता देवेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं की तैयार फसल खड़ी होने के कारण सुबह से शाम तक अधिकांश फीडर बंद रहते हैं।

# तीन दिन बाद भी नहीं बदले गए टूटे विद्युत पोल, अंधेरे में गांव

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** बेमौसम बारिश व आंधी तूफान के चलते शनिवार शाम को 33 केवी पावर हाउस ओसाह, चंदापुर और महराजगंज से जुड़े करीब 28 गांव अंधेरे में डूबे रहे। कुछ गांवों में 18 घंटे बाद रविवार शाम को विद्युत सप्लाई शुरू हुई। वहीं कुछ गांवों में सोमवार को भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई।

महराजगंज पावरहाउस के पूरे पलटगीर में एक पोल, ओसाह के भटसरा में दो पोल, चंदापुर के सिकंदरपुर में दो विद्युत पोल टूटे मिले। लाइन मरम्मत का काम सोमवार शाम तक जारी रहा है। ऐसे में क्षेत्र के सिकंदरपुर, महाबलगंज, घटोरवा, दुबे का बाजार, पूरे हनुमंत सिंह, रामकोला, ओसाह , हलोर, कपूरपुर, मांझगांव, मनकीपुर, जमुरांवा, पूरे भीखा, कमालपुर आवांसीह समेत करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति 72 घंटे तक बाधित रही। वहीं कस्बे में रायबरेली रोड पर हनुमानगढ़ी मंदिर के पास शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से बिजली पोल व ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे करीब दस घरो की आपूर्ति बाधित है। वहीं एसडीओ इंदु शेखर ने बताया सभी फीडरों पर क्षतिग्रस्त लाइनों पर कर्मचारियों द्वारा लगातार मरम्मत कार्य जारी है। जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

समस्या


खेत में पड़ा टूटा विद्युत पोल।

**48 घण्टे बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिली बिजली, खीरों:** दो दिन पहले क्षेत्र में तेज बारिश के साथ आए तूफान से उपकेन्द्र कलुआखेड़ा, सेमरी, खीरों सहित तीन उपकेन्द्रों के कई खम्भे मेंस तार टूटकर जमींदोज हो गए थे। जिससे लगभग पौने दो लाख से अधिक की आबादी के सामने विद्युत संकट खड़ा हो गया। 48 घण्टे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उपभोक्ताओं का विद्युत संकट ज्यों का त्यों बना हुआ है। विभागीय कर्मचारी लाइनों की मरम्मत का कार्य कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के सामने पेयजल का गम्भीर संकट खड़ा हो गया है। साथ ही ग्रामीणों को आपूर्ति न मिलने से अधिकांश लोगों के मोबाइल बंद हो गए हैं। जिससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपखण्ड अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि लाइनों की मरम्मत का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तबाह फसल का कांग्रेस नेता ने लिया जायजा

**ऊंचाहार।** क्षेत्र में आए आंधी-तूफान और बारिश से किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल ने प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने पूरे दवन, भगौती पुरवा, तिवारीपुर, सुदामापुर और ककोरन सहित कई गांवों में पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और खेतों में नष्ट हुई फसल देखी। चौपाल के दौरान किसानों की समस्याएं सुनते हुए उन्होंने सरकार से जल्द मुआवजा देने की मांग की। साथ ही क्षेत्रीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि वे जनता की समस्याओं से दूर हैं और सिर्फ दूसरों के कामों का श्रेय लेने में लगे रहते हैं। अतुल ने कहा कि आवारा पशुओं और बिजली बिल की समस्या से लोग परेशान हैं, जबकि कई गांव अब भी सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कोटिया चित्रा और सहजादपुर में बिजली विभाग की लापरवाही से आग लगने से कई किसानों की गेहूं की फसल जल गई। अतुल ने पीड़ित किसानों से मिलकर हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# दिशा की बैठक में गूंजा जल जीवन मिशन का मुद्दा

## सांसद राहुल गांधी की अनुपस्थिति में अमेठी सांसद किशोरी लाल ने की बैठक की अध्यक्षता, कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** नेता प्रतिपक्ष और जिले के सांसद राहुल गांधी की अनुपस्थिति में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक हुई। इसमें एक बार फिर से जल जीवन मिशन में मनमानी और महराजगंज क्षेत्र में बच्चे की टंकी से गिरकर मौत का मुद्दा गूंजा। जिस पर टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए गए। वहीं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन न होने पर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।



दिशा की बैठक में मौजूद अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह, डीएम हर्षिता माथुर व अन्य। अमृत विचार

अमेठी सांसद ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जनपद में बन रहे बाईपास सड़कों पर भी चर्चा हुई। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण एवं पुनरूद्वार प्राथमिकता से कराया जायें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की भी जानकारी ली तथा चिकित्सालय में दवाओं की प्रर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच की व्यवस्था एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत शतप्रतिशत पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की समीक्षा करते हुए जनपद में उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी जिसमें अवगत कराया गया कि सभी गैस एजेंसियों में पर्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। बुकिंग के अनुसार उपभोक्ताओं को आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये गये कि जल जीवन मिशन द्वारा पूर्ण किये गये कार्यो की सूची जनपद के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाये, इसके साथ ही एक कमेटी का गठन कर, किये गये कार्यो का सत्यापन करा लिया जाये।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुड़े अनेक सुझाव और समस्याओं को भी रखा गया, जिनके समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। सांसद ने कहा कि जन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारी प्राथमिकता से समयबद्ध उसका समाधान करायें। विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु एक ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनपद के विकास के लिये समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करें, जिससे जनपद विकास में अग्रणी रहे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए कहा। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, विधायक हरचंदपुर राहुल राजपूत, विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को रखा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार आदि उपस्थित रहें।

### दिशा बैठक में उठाए जनहित से जुड़े मामले

**डीह (रायबरेली) अमृत विचार।** जिला विकास समन्वय एवम् अनुश्रवण समिति( दिशा) की बैठक में सलोन विधानसभा की क्रांतिकारी नेता व दिशा की सदस्य किरन देवी ने जनहित से जुड़े मामले उठाए। उन्होंने सलोन विधानसभा के तीनों ब्लॉक, सलोन, छतोह में बंद पड़े कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास अविलंब चालू कराए जाने की माग की। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड मशीनें लगावाये जाने, डीह कस्बे में जनहित की गम्भीर समस्या को देखते हुए बंद पड़ी पीएचसी अस्पताल खुलवाने, सूची न्याय पंचायत में जमुरवा खुर्द से झकरासी तक डामरीकरण रोड का मरम्मत कराने, छतोंह ब्लॉक में गांधी नगर प्रमुख मार्ग पूरे तिलक से सन्नहिया रोड पूर्व निर्मित खड़ंजा मार्ग लंबाई दो किलोमीटर डामरीकरण कराए जाने की मांग की। इसी तरह विकास खंड छतोह अंतर्गत ग्राम पंचायत बभनपुर से पूरे गौतमन वाया पूरे हन्नु अधूरा मार्ग का पूरे रानी से पूरे गौतमन तक नया निर्माण कराए जाने की मांग सहित कई मुद्दे उठाए।

### भागवत कथा के चौथे दिन मनाया गया भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव


श्रीमद् भागवत कथा सुनते श्रद्धालु।

**महराजगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के हलोर में गांव की ही निवासी राजेंद्र दत्त मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास वागीश रामचंद्र दास जी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। कथा के दौरान प्रवाचक वागीश रामचंद्र दास ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने जन्मोत्सव के प्रसंग में श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। चौथे दिन कथा में यजमान राजेंद्र दत्त मिश्रा, कुसुम मिश्रा, पूजा मिश्रा, डॉ. शशांक शेखर शुक्ला, अंजनी शर्मा, अशोक मिश्रा, सूरज द्विवेदी, बृजमोहन द्विवेदी, आशा पांडेय, राजकुमार शर्मा, विनय द्विवेदी, रामसनेही, राजीव मिश्रा, अमित पांडेय, सुरेंद्र कुमार, बेवी सिंह आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



शिवगढ़ में जागरुकता रैली निकालते बच्चे।

**शिवगढ़ :** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बैंती द्वितीय में "स्कूल चलो अभियान" के तहत छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका संध्या पाण्डेय के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली को उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान संध्या पाण्डेय ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहाकि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

### सरेनी विधायक ने गंगा पुल का किया निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह।

**लालगंज।** गेगासो पुल के सर्वेक्षण के दौरान विधायक सरेनी देवेंद्र प्रताप सिंह (राजा अजय) ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुल की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा मानकों का गहन निरीक्षण किया तथा आगामी निर्माण/मरम्मत कार्यों को लेकर पुल निर्माण में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि है और कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आम जनमानस को शीघ्र लाभ मिल सके। विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य करना ही सच्ची जनसेवा है। अगर समय बद्ध तरीके से विकास कार्य होंगे तो जनता को निश्चित रूप से लाभ पहुंचेगा। गेगासो गंगापुल चालू होने से रायबरेली और फतेहपुर के लोगों का आवागमन आसान हो जाएगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया स्थापना दिवस



अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**लालगंज।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर सोमवार को लालगंज में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। आलमपुर स्थित पंचायत भवन में स्थापना दिवस पर हुई गोष्ठी में भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने कहा कि दो सांसदों से शुरू हुई भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। इस दौरान संगठन के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुष्प अर्पित किया गया। वहीं अटल चौक गांधी चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जलेबी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लालगंज के बूथों पर भी स्थापना दिवस मनाया गया। इसके अलावां राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामदेव पाल, भाजपा नेता अनूप पांडे , भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ नेता प्रोफेसर अविनाश कुमार सिंह, मनोज अवस्थी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उमेश सिंह सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, चंदन त्रिवेदी, राजन अवस्थी, दल बहादुर सिंह एडवोकेट, सानू बाजपेई, सभासद बबलू पांडे, सत्येंद्र बहादुर सिंह, यतीन सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसपी सिंह जिला उपाध्यक्ष और गुफरान ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

**डीह :** ब्लाक के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एसपी सिंह को कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन अमेठी का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही डीह कस्बे के निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य व युवा नेता गुफरान सामानी को डीह ब्लॉक के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। दिशा की सदस्य किरन देवी, वरिष्ठ नेता यदुवेंद्र तिवारी, इंद्रपाल प्रभाकर, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष शिव दर्शन पासी, आनंद कुमार, प्रेम शंकर पांडेय, शीबू अंसारी आदि ने खुशी जताई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने मचाया धमाल

**लालगंज।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मटेहना द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया। साथ ही पीबीएल मेला भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार ओझा रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक विश्वास बहादुर सिंह द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि वह प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजें और नवीन नामांकन के लिए अपने आसपास पड़ोस में लोगों को जागरूक करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए राधिका सिंह, अनामिका, माही, प्रियांशी, वर्षा, शिवांगी, शिवानी, राज, अभिषेक, लवकुश, आकाश राधा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राघव सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुत्ती लाल, अशोक कुमार, अलोक कुमार, गरिमा सिंह, रेनू कुशवाहा, अल्का सिंह, चंद्र प्रकाश सिंह, विवेक त्रिपाठी, सुरेंद्र कुशवाहा, नीलम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

- पार्वती खेड़ा का मामला, परिजनों में मचा कोहराम

**शिवगढ़ (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में नवयुवक का शव फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर 11 पार्वती खेड़ा निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद का शव घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित बाग में छोहरिया के पेड़ से लटकता पाया गया। इसकी सूचना से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण मामले की जांच शुरु कर दी है। मृतक के छोटे भाई नितिन कुमार ने बताया कि सोमवार को प्रातः 9 से उसका भाई नीरज गायब था। काफी खोजबीन करने के बाद दोपहर बाद घर के सामने कुछ दूरी पर स्थित बाग में गमछे के सहारे छोहरिया के पेड़ से उसके भाई का शव लटकता मिला। इस दौरान युवक की मौत से उसकी मां रामदुलारी, पिता दुर्गा प्रसाद, पत्नी शिवरानी, बड़े भाई अयोध्या प्रसाद, गया प्रसाद, राजकुमार तथा छोटे भाई नितिन का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम् रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# एंटी रेबीज संक्रमण रोकने में तमाम कोशिशें नाकाम, हार गई जिंदगी

- कुत्ते के काटने से प्रधान आशा देवी की मौत से गांव में सन्नाटा

**महराजगंज (रायबरेली)**

**अमृत विचार।** मझिगवां की ग्राम प्रधान आशा देवी निर्मल अब इस दुनिया में नहीं रहीं। कुत्ते के काटने से अस्पताल में भर्ती होने के दौरान हुई उनकी मौत ने सभी को झकझोर रही है। उन्हें बचाने के लिए लगी ताकतें और डॉक्टरों की पूरी कोशिशों के बावजूद वह जिंदगी से हार गईं।

मार्च की एक सुबह, जब सब कुछ सामान्य था, तभी एक पागल कुत्ते के काटने से उनकी जिंदगी ने अचानक खतरनाक मोड़ ले लिया। परिवार ने बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज शुरू हुआ, दवाएं दी गईं। इसके बाद सुधार की उम्मीद में उन्हें बाराबंकी के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां लगातार इलाज चलता रहा। हर संभव डॉक्टरों की कोशिश और परिजनों की देखभाल दोनों में कहीं कोई कमी नहीं रही। 4 अप्रैल को अचानक उनकी हालत और बिगड़ गई। घबराए परिजन उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। यहां पर भी डॉक्टरों ने हार नहीं मानी। इस बीच संक्रमण शरीर में इतनी गहराई तक फैल चुका था कि तमाम कोशिशें नाकाम हो गईं। सोमवार की सुबह आशा देवी ने अंतिम सांस ली। उनकी मृत्यु की खबर से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।


आशा देवी की फाइल फोटो।

बीडीओ वर्षा सिंह ने कहा कि मझिगवां ग्राम पंचायत की प्रधान के असमय निधन की सूचना से स्तब्ध हूं।

**मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ की हादसे में मौत, जगतपुर:** सोमवार को पूरे विजयी सिंह मजरे पूरबगांव निवासी अजय बहादुर सिंह (55) पुत्र रामनारायण भोर में जगतपुर-सलोन संपर्क मार्ग पर टहलने निकले थे। पंडित पुरवा गांव के पास अचानक पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह टहलने निकले अन्य लोगों और ग्रामीणों ने जब सड़क किनारे शव देखा तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

धांधली

**जिला विद्यालय निरीक्षक की निष्क्रियता से लूटखसोट का अड्डा बनते जा रहे हैं प्राइवेट स्कूल**

# किताब से लेकर ड्रेस तक में कमीशन, विद्यालय संचालक बेलगाम

**दिलीप सिंह, रायबरेली**

**अमृत विचार।** वर्तमान में महंगाई चरम पर है। यह हम नहीं बल्कि उन अभिभावकों की स्थिति को देखकर सहज भी भांपा जा सकता है, जिन्हे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में एडमिशन कराना होता है। अभिभावक अपने लाडलों के सुनहरे भविष्य से कोई समझौता नहीं करना चाहता है। इसके अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर विद्यालय चुनता है। लेकिन वहां पहुंचते ही जब एडमिशन शुल्क से लेकर कापी-किताब की एक लिस्ट थमाई जाती है तो देखकर उनके चेहरे चमक गायब हो जाती है। धांधली की हालत यह है कि बड़ी कक्षाओं की कौन कहे नर्सरी और केजी तक के एडमिशन शुल्क और स्टेशनरी आदि में 15 से 20 हजार रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है। यहीं बात जब बड़े कक्षाओं की करें तो नौ से 12 तक में हर साल अभिभावकों एडमिशन फीस के साथ ही विद्यालय परिसर में कापी किताब की सूची के साथ बुक डिपो तक के नाम बता दिया जाता है। इन सबके बावजूद जिम्मेदार पूरी तरह से मौन हैं।



बाजार में कॉपी-किताब खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

प्रदेश सरकार की ओर से शिक्षा के व्यवसायीकरण पर रोक लगाने के लिए लगातार निर्देशित किया जा रहा है। इसके विपरीत जिला विद्यालय निरीक्षक की निष्क्रियता के कारण विद्यालय संचालक पूरी तरह से निरंकुश होते जा रहे हैं। कागजों पर जरूर लिखापढ़ी कर दी जाती है, लेकिन जमीनी तौर पर कोई कदम नहीं उठाया जाता है। अभिभावकों द्वारा लगातार कान्वेंट स्कूलो की ओर रूख करने का फायदा विद्यालय संचालक बखूबी से उठा रहे हैं। यूपी बोर्ड से लेकर सीबीएसई, आईसीएसई स्कूलों के संचालक बेलगाम होते जा रहे हैं। शिक्षा की आड़ में शिक्षा का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है।

**अधिकांश विद्यालयों में दुकानें फिक्स, कमीशन में लेते लाखों रुपये:** अधिकांश निजी विद्यालयों की दुकानें फिक्स रहती है। मार्च माह में पैरेंट्स मीटिंग के दौरान ही अभिभावकों को किताबों की सूची और खर्च का पूरा व्यौरा थमा दिया जाता है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इनमें से कुछ तो ऐसी दुकानें होती हैं, जो सिर्फ तीन से चार महीने ही खुलती है। इसकी वजह उनके द्वारा उतने ही बुक और काफी मंगाए जाते हैं, जितना विद्यालय में बच्चे होते हैं। इसके मोटा कमीशन विद्यालय संचालक को सौंपकर दुकान बंद कर देते हैं। किसी अन्य दुकान में किताब नहीं मिलने के कारण लाचार अभिभावक थक हारकर उन्हीं दुकानों में पहुंचते हैं।

**बच्चों की चिंता, शिकायत करने से बचते हैं अभिभावक:** हर किसी को अपने बच्चे की चिंता रहती है। ऐसे में अभिभावक शिकायत करने के बजाय जैसे तैसे स्कूल संचालकों की मांगों के आगे नतमस्तक हो जाते हैं। अजय सिंह का कहना है कि शिकायत का किसी पर कोई असर नहीं होता है। रंजीत गुप्ता का कहना है कि हर साल प्रवेश शुल्क देना पड़ता है। विद्यालय से ही किताबों की सूची थमा दी जाती है, जो उनके निर्धारित दुकान पर ही मिलती है।

### कुछ ऐसे है प्रवेश शुल्क और स्टेशनरी में खर्च

| कक्षा | प्रवेश शुल्क | स्टेशनरी |
|---|---|---|
| नर्सरी से कक्षा पांच तक | 5000 से 14000 | 3000 से 4000 रुपये तक |
| कक्षा छह से आठ तक | 7000 से 10000 | 5000 से 8500 रुपये तक |
| कक्षा 9, 10 | 10000 से 15000 | 5500 से 9000 रुपये तक |
| कक्षा 11, 12 | 10000 से 20000 | 8000 से 10000 रुपये तक। |

### डीआईओएस मौन, तो बीएसए को शिकायत का इंतजार

कान्वेंट स्कूल संचालकों की मनमानी को लेकर डीआईओएस संजीव कुमार सिंह पूरी तरह से मौन हैं। दो बार बात करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं उठा। वहीं बीएसए राहुल सिंह का कहना है कि अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि किसी विद्यालय में ऐसी मनमानी हो रही है, तो अभिभावक बेहिचक शिकायत करें। इसके बाद ही कोई कार्रवाई की जा सकेगी।

